https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/ instagram.com/palpalrajasthannews https://www.youtube.com/@PalpalRajasthan/ palpalrajasthan8@gmail.com

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 4 | अंक : 61 | RAJHIN/2021/81855 | उदयपुर, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

ANANTA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH CENTRE
एक विश्वास बेहतर जिन्दगी का
ANANTA HOSPITAL

### कांग्रेस अधिवेशन में भाजपा पर बरसे खरगे

# धांधली करके महाराष्ट्र चुनाव जीती भाजपा

- पूरी दुनिया बैलेट पेपर पर शिफ्ट हो रही
- विपक्षी दलों को जानबूझकर हराया गया
- पूंजीपतियों को पहुंचाया जा रहा फायदा

आपने ऐसी तकनीक तैयार की हैं, जिससे सत्ताधारी पार्टी को फायदा होता। विपक्ष दलों को नुकसान उठाना पड़ता है: **मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हम आजादी की दूसरी लड़ाई लड़ रहे



**अहमदाबाद,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात के अहमदाबाद में साबरबती नदी के तट पर कांग्रेस के दो दिवसीय अधिवेशन में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने चुनावों में धांधली, अमेरिकी टैरिफ, वक्फ संशोधन कानून और लोकतंत्र के मुद्दे पर निशाना साधा। आरोप लगाया कि आज सरकार का हर तरफ दखल बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस आजादी की दूसरी लड़ाई लड़ रही है। खरगे ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा ने धोखाधड़ी करके जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ईवीएम से बैलेट पेपर की ओर बढ़ रही है। मगर हम ईवीएम का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह धोखाधड़ी है।

### 'न्यायपथ प्रस्ताव' ध्वनिमत से पारित

**अहमदाबाद।** कांग्रेस अधिवेशन में देश के विभिन्न हिस्सों से लिए जनप्रतिनिधियों ने पार्टी के न्यायपथ प्रस्ताव को व्यापक चर्चा के बाद बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। न्यायपथ प्रस्ताव कांग्रेस के युवा नेता सचिन पायलट ने रखा तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने इसका अनुमोदन किया। पार्टी की युवा नेता तथा बनासकांठा की लोकसभा सदस्य गेनीबेन ठाकोर ने प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत की और कहा कि कांग्रेस समानता की पक्षधर रही है और समानता के लिए ही काम करती रहेगी। भाजपा की बांटने वाली नीति से देश मुक्त होना चाहता है और अब भारत जोड़ो की तरफ कांग्रेस ही अब देश को आगे बढ़ा सकती है।

### महाराष्ट्र में 50 लाख वोट बढ़ गए

खरगे ने अपने संबोधन में कहा कि महाराष्ट्र में क्या हुआ? राहुल गांधी ने संसद और प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह सवाल उठाया लेकिन सरकार पर इसका कोई असर नहीं हुआ। विधानसभा और संसद चुनाव के बीच में अगर वहां 50 लाख वोट बढ़ गए हैं तो यह कैसा चुनाव आयोग है, किस तरह से मतदाता सूची बनाई है? महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव में धोखाधड़ी की गई। इसके साथ ही खरगे ने सरकार पर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया।

### बांग्लादेश के नेता भारत के खिलाफ बयान दे रहे, मोदी चुप : राहुल

अधिवेशन में राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह संविधान पर आक्रमण है। आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए। राहुल ने कहा कि बांग्लादेश के नेता भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री वहां के नेता से मिले। उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकला। कहां गई 56 इंच की छाती।

### यह सरकार विपक्ष को बोलने नहीं देती

खरगे ने कहा कि यह सरकार पिछले 11 सालों से सत्ता में है, लेकिन दुर्भाग्य देखिए कि विपक्ष के किसी भी नेता को सदन में अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया जाता है। यहां तक कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी बोलने नहीं दिया जाता है। ऐसे में आप इस बात का सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि जब लोग राहुल गांधी सरीखे नेता को बोलने नहीं दे रहे हैं, तो भला इस देश के आम लोगों को कैसे बोलने देंगे।

# मुंबई हमले का आरोपी तहव्वुर अमेरिका से प्रत्यर्पित



- आतंकवादी हमलों का है प्रमुख सूत्रधार

**नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के एक प्रमुख सूत्रधार पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा को आखिरकार अमेरिका से प्रत्यर्पित कर दिया गया है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार तहव्वुर राणा को एक विशेष विमान से भारत लाया जा रहा है।

रिपोर्टों के अनुसार, 64 वर्षीय पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक, पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकवादी समूह, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोमवार को भारत को उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ उसकी याचिका को खारिज कर दिए जाने के बाद उसे भारत भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। प्रत्यर्पण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत से एक मल्टी-एजेंसी टीम अमेरिका गई थी और उसने अमेरिकी अधिकारियों के साथ सभी कागजी कार्रवाई और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने में मदद की। तहव्वुर राणा लॉस एंजिल्स में यूएस मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में 14 साल तक कैद रहा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार 2023 में भारत को उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी। लेकिन उसने सुप्रीम कोर्ट में बार बार प्रत्यर्पण रोकने के लिए याचिकाएं दायर कीं थीं, पर उसे सफलता नहीं मिली।

### गृह मंत्रालय में हुई बड़ी बैठक

इन सब के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय में भी आतंकी तहव्वुर राणा को लेकर बड़ी बैठक हुई। इस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवल भी मौजूद रहे। गृह मंत्री अमित शाह के साथ भी उनकी बात हुई है।

## सार संक्षेप

### एनसीआर में हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी



**नई दिल्ली।** एनसीआर में लोगों को गर्म हवाएं और हीटवेव का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले दिनों में भी हीटवेव से एनसीआर के लोगों का सामना होगा। अगले हफ्ते से मौसम में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा, जिससे थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। दिल्ली-एनसीआर में भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं।

### आरबीआई ने छह एनबीएफसी का पंजीकरण किया रद्द



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने छह गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) का पंजीकरण रद्द कर दिया है। आरबीआई ने बुधवार को कहा कि ने जिन कंपनियों का पंजीकरण रद्द किया गया है, उनमें थामिरापरनी इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, अरामस्क इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड, विश्वप्रिय गोल्ड हायर परचेज लिमिटेड , मैट्रिक्स फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, यूनिटारा फाइनेंस लिमिटेड और वेल फिन सिक्योरिटीज लिमिटेड शामिल हैं।

### दिल्ली में आज से लागू होगी आयुष्मान योजना



**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने घोषणा की है कि राजधानी में आयुष्मान योजना की शुरुआत गुरुवार से की जा रही है। पहले चरण में अंत्योदय योजना और अन्य पात्रता वाले करीब 2 लाख 60 हजार लोगों की सूची बनाई गई है। इसके बाद दूसरे चरण की शुरुआत होगी।

# भारत को फ्रांस से मिलेंगे 26 राफेल मरीन जेट



- 63,000 करोड़ रुपए से अधिक की डील मंजूर
- पूरा बेड़ा 2031 तक शामिल होने की संभावना

**नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की बिक्री के लिए एक 'मेगा डील' को मंजूरी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा गया कि 63,000 करोड़ रुपये से अधिक के सौदे पर जल्द ही हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर जेट के साथ-साथ चार ट्विन-सीटर वैरिएंट मिलेंगे। भारत को एक बड़ा पैकेज मिलेगा जिसमें बेड़े का रखरखाव, लॉजिस्टिकल सपोर्ट, कर्मियों की ट्रेनिंग और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग कंपोनेंट के लिए ऑफसेट दायित्व शामिल होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने इस सौदे को मंजूरी दे दी। राफेल मरीन जेट विमानों को भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोतों पर तैनात किया जाएगा और इससे समुद्र में नौसेना की हवाई शक्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। राफेल मरीन भारत में मौजूद राफेल फाइटर जेट्स से अधिक एडवांस्ड है। इसका इंजन ज्यादा ताकतवर है। रिपोर्ट के मुताबिक राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की आपूर्ति लगभग चार वर्षों में शुरू होने का अनुमान है। नौसेना को 2029 के अंत तक पहला बैच प्राप्त होने की उम्मीद है। पूरा बेड़ा 2031 तक शामिल होने की संभावना है।


एक बार आपूर्ति हो जाने के बाद, ये जेट विमान भारत के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और स्वदेशी आईएनएस विक्रांत से संचालित होंगे, जो पुराने हो रहे मिग-29के बेड़े की जगह लेंगे। डील में जल्द डिलीवरी समयसीमा पर सुनिश्चित होगी और फ्रांसीसी निर्माता डसॉल्ट एविएशन से रखरखाव में सहायता भी देगा।

राफेल एम को विमानवाहक-आधारित मिशनों के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें मजबूत लैंडिंग गियर, अरेस्टर हुक्स और शॉर्ट टेक-ऑफ बट अरेस्टेड रिकवरी ऑपरेशनों को अंजाम देने के लिए मजबूत एयरफ्रेम की सुविधा है। यह एक ऐसी तकनीक है जिसका उपयोग नौसेना के विमानवाहकों पर विमान को लॉन्च करने और वापस लाने के लिए किया जाता है।






महावीर जंयती की बधाई















# प्रवासियों की सहायता को तैयार भारत : मुर्मु

■ राष्ट्रपति ने भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को किया संबोधित

**लिस्बन/ नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। पुर्तगाल की यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत अपने प्रवासियों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने तथा उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुर्मु ने मंगलवार को यहां भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस भारत सरकार के कैलेंडर में एक प्रमुख और उच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है। सरकार ने प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और कुशलता सुनिश्चित करने के लिए संकट के समय सहयोग के लिए कई पहलें की हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मिशन विदेश में हर भारतीय की सहायता करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि आप चाहे कहीं भी हों, आपकी मातृभूमि हमेशा आपके साथ है। मैं अपनी जड़ों से जुड़े रहने, पुर्तगाल में भारतीय संस्कृति को जीवित रखने भारत के प्रति अपने स्नेह, और भारतीय ध्वज को ऊंचा फहराए रखने के लिए आप सभी को धन्यवाद देती हूं।




प्रवासियों के साथ मजबूत संबंध तथा उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए भारत प्रतिबद्ध : द्रौपदी मुर्मु

राष्ट्रपति ने कहा कि पुर्तगाल के साथ भारत के ऐतिहासिक और घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। द्विपक्षीय संबंध समय के साथ और भी प्रगाढ़ हो रहे हैं। दोनों देश कई क्षेत्रों, जैसे व्यापार एवं वाणिज्य, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, प्रवास और संस्कृति, में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। मुर्मु ने कहा कि पुर्तगाल में लघु लेकिन अत्यंत सार्थक प्रवास के दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों को महसूस किया, जो भारतीय कला, संस्कृति एवं खान-पान, योग एवं आयुर्वेद की लोकप्रियता में देखे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने यह भी देखा कि लिस्बन की कई सड़कों के नाम भारत से संबंधित हैं, जिनमें 'महात्मा गांधी एवेन्यू' भी शामिल है। मुझे गांधीजी और कस्तूरबा जी की भव्य प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि पुर्तगाल में भारतीय समुदाय राजनीति से लेकर व्यवसाय तक, शिक्षा से लेकर उद्योग तक, वैज्ञानिक अनुसंधान से लेकर साहित्य एवं पत्रकारिता तक, और मानव कार्यों से जुड़े अन्य सभी क्षेत्रों में मौजूद है। पुर्तगाल में भारतीय छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है जो विभिन्न विषयों में उच्च अध्ययन एवं शोध कर रहे हैं।

मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2025 का विशेष महत्व है क्योंकि भारत और पुर्तगाल राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुर्तगाल के राष्ट्रपति के साथ उन्होंने इस उपलक्ष्य में विशेष डाक टिकट जारी किया। यह उत्सव दोनों देशों के इतिहास और प्रगतिशील विचारों का भी उत्सव है।

## राष्ट्रपति ने पुर्तगाल के संसद अध्यक्ष से की मुलाकात



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पुर्तगाल की यात्रा के अंतिम दिन मंगलवार को यहां असेम्ब्लेया दा रिपब्लिका (पुर्तगाली संसद) के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने माना कि भारत और पुर्तगाल की संसदों के बीच नियमित आदान-प्रदान से दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रपति ने पुर्तगाल के प्रधान मंत्री लुइस मोंटेनेग्रो से भी मुलाकात की और बातचीत की। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए भविष्य के कदमों पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि व्यापार और वाणिज्य, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, और ऊर्जा जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग के अधिक अवसर हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के साथ, लिस्बन में चंपालिमॉड फाउंडेशन का दौरा किया और तंत्रिका विज्ञान, ऑन्कोलॉजी, प्रायोगिक नैदानिक अनुसंधान और स्वचालित चिकित्सा वितरण के क्षेत्रों सहित विभिन्न अनुसंधान और विकास पहलों को देखा। राष्ट्रपति ने फाउंडेशन और पुर्तगाल के अन्य संस्थानों में काम कर रहे भारतीय शोधकर्ताओं और विद्वानों के साथ बातचीत भी की। उन्होंने उभरती प्रौद्योगिकियों और वैज्ञानिक अनुसंधान में भारत-पुर्तगाल सहयोग को गहरा करने में उनकी भूमिका के लिए भारतीय विद्वानों की सराहना की। राष्ट्रपति ने महात्मा गांधी और कस्तूरबा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने राधा-कृष्ण मंदिर का भी दौरा किया और प्रार्थना की।

## विदेश यात्रा के दूसरे चरण में स्लोवाकिया पहुंची मुर्मु

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिन की पुर्तगाल यात्रा संपन्न होने के बाद अगले पड़ाव पर बुधवार को स्लोवाकिया पहुंचीं स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति भवन में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया। लोक पोशाक पहने एक जोड़े ने रोटी और नमक के साथ उनका पारंपरिक स्लोवाक स्वागत किया। राष्ट्रपति का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ औपचारिक स्वागत किया गया। इस बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति भवन पहुंचीं। स्लोवाकिया के राष्ट्रपति ने गर्मजोशी से स्वागत किया और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ औपचारिक स्वागत किया।

# देश में मुसलमाने के विचारों का कोई महत्व नहीं : महबूबा



रिजिजू के स्वागत को लेकर की उमर की आलोचना

**श्रीनगर,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के लिए हाल ही में लाल कालीन बिछाने को लेकर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की आलोचना की और कहा है कि यह जानबूझकर उठाया गया कदम है जिसका उद्देश्य 24 करोड़ मुसलमानों को यह संदेश देना है कि उनकी आवाज का कोई महत्व नहीं है। उमर को संसद में विवादास्पद वक्फ विधेयक पेश करने वाले केंद्रीय मंत्री रिजिजू के साथ सोमवार को श्रीनगर के प्रसिद्ध ट्यूलिप गार्डन में मुस्कुराते हुए मुख्यमंत्री और उनके पिता फारूक अब्दुल्ला के साथ तस्वीरें साझा करने के बाद आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। महबूबा ने आरोप लगाया कि रिजिजू ने वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने के बाद रणनीतिक रूप से कश्मीर का दौरा करने का फैसला किया। वक्फ संशोधन विधेयक को संसद से पारित कराने के बाद मंत्री किरण रिजिजू ने रणनीतिक रूप से कश्मीर का दौरा करने का फैसला किया। भारत के एकमात्र मुस्लिम बहुल राज्य के मुख्यमंत्री ने उनका भव्य स्वागत किया ऐसा लगता है कि यह कदम देश भर के 24 करोड़ मुसलमानों को यह संकेत देने के लिए जानबूझकर उठाया गया था कि जब देश के एकमात्र मुस्लिम बहुल क्षेत्र के नेता उनके समर्थन में खड़े हैं, तो उनके विचारों का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन की पृष्ठभूमि में यह दौरा समुदाय के हाशिए पर होने और कमजोर करने का सार्वजनिक उत्सव जैसा लगा। मुख्यमंत्री के कार्यों ने न केवल मुस्लिम समुदाय के भीतर अलगाव और असहजता की भावना को पैदा किया, बल्कि इस एकतरफा निर्णय को वैधता भी प्रदान की, जिसे व्यापक रूप से उनके हितों की उपेक्षा करने वाला माना जाता है। जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ गठबंधन को इस अधिनियम के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। पिछले तीन दिनों में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने केंद्र के वक्फ अधिनियम पर बहस की अनुमति नहीं दी है, जिसे कई लोग मुस्लिम विरोधी कानून मानते हैं। आज विधानसभा सत्र के समाप्त होने के साथ ही सत्तारूढ़ गठबंधन को राजनीतिक खींचतान को लंबा खींचने के बजाय इस विधेयक को खारिज करने के लिए प्रस्ताव पारित करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## सार संक्षेप

### धनखड़ ने दी महावीर जयंती की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि धनखड़ ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामना संदेश दिया है। धनखड़ ने कहा कि महावीर जयंती के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

### सोपोर में आतंकी आकाओं की दो संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को सोपोर उप-जिले में लश्कर-ए-तैयबा के दो संदिग्ध आकाओं की संपत्तियां कुर्क कीं। पुलिस ने बताया कि पुलिस और राजस्व अधिकारियों की एक टीम ने सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी मिलने के बाद सीआरपीसी की धारा 82, 83 के प्रावधानों के तहत ब्रथ कलां सोपोर के दो लश्कर-ए-तैयबा आतंकी आकाओं बिलाल अहमद मीर और मोहम्मद उमर मीर की सात मरला जमीन कुर्क की। पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई वर्ष 2022 में सोपोर थाने में दर्ज यूएपीए के तहत दो मामलों से जुड़ी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिलाल और उमर दोनों फिलहाल पाकिस्तान में हैं।

### मुंबई में नशे में धुत सिपाही को किया निलंबित

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में सड़क किनारे नशे में धुत एक सिपाही को निलंबित कर दिया गया और जांच का आदेश दिए गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में काला चौकी पुलिस थाना से संबद्ध सिपाही नायक प्रशांत केशव सतम को पिछले सप्ताह ड्यूटी के दौरान नशे में धुत सड़क किनारे पाया गया था। उस समय सिपाही सतम आतंकवाद रोधी हमला लड़ाकू वाहन में तैनात था। अधिकारी ने बताया कि सिपाही सतम की नशे की हालत वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद उसके खिलाफ प्रारंभिक जांच की गई और उसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया।

### सहकारिता सम्मेलन में शिरकत करेंगे शाह

**भोपाल।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह 13 अप्रैल को मप्र के भोपाल में रवीन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन में शामिल होंगे। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इस परिप्रेक्ष्य में कार्यक्रम स्थल रवीन्द्र भवन में आयोजित होने वाले सम्मेलन की रूपरेखा तय की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का मुआयना कर वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## फ्रेंचाइज़ी घोटाले को लेकर पीड़ितों ने सीबीआई और ईडी से जांच की मांग की

नई दिल्ली 9 अप्रैल (एजेंसियां)। देशभर में फैले एक बड़े फ्रेंचाइज़ी घोटाले का पर्दाफाश हुआ है, जिसमें भारत के विभिन्न हिस्सों से आए पीड़ितों ने मुंबई और दिल्ली स्थित Dallas Ecom Infotech Pvt. Ltd. पर फर्जी फ्रेंचाइज़ी मॉडल के जरिए 3,000 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। कंपनी ने Ecom Delivery नाम से यह घोटाला अंजाम दिया। आज प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीड़ितों ने तुरंत सीबीआई और ईडी जांच की मांग की, और कहा कि यह 'दोहराए जाने वाला घोटाले का मॉडल' है। कंपनी द्वारा कथित तौर पर 950 से अधिक फर्जी फ्रेंचाइज़ी बेची गईं, जिनमें राज्य, ज़ोनल, ज़िला और पिन-कोड स्तर के फ्रेंचाइज़ी मॉडल शामिल थे। निवेश की राशि 1.5 लाख से लेकर 32.5 लाख तक रखी गई थी। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें भारी मुनाफे और व्यवसायिक सहायता का झांसा दिया गया, लेकिन भुगतान प्राप्त करने के बाद कंपनी के दिल्ली और मुंबई स्थित सभी ऑफिस अचानक बंद कर दिए गए। सभी फोन नंबर बंद हो गए और संपर्क पूरी तरह से समाप्त हो गया। पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है। इसी कोर टीम से जुड़े लोग पहले भी RoadE&, Just Delivery और अन्य फर्जी कंपनियों के जरिए ऐसे ही घोटाले कर चुके हैं। हर बार नए नाम और डमी डायरेक्टरों के ज़रिए कंपनी बनाई जाती है, जो 9 से 10 महीने चलती है और फिर गायब हो जाती है।




# भारत-उज्बेकिस्तान विकास के मार्ग पर अग्रसर : ओम बिरला

■ भारतीय भाषाओं व संस्कृति में उज्बेक विद्वानों की गहरी रुचि की सराहना की



उज्बेक विद्वानों ने न केवल भारतीय भाषाएं सीखी बल्कि इन्हें अपने विचारों और साहित्य में अभिव्यक्ति भी दी है : ओम बिरला

**दिल्ली,** भारत और उज्बेकिस्तान इतिहास की अलग-अलग राह पर चलते हुए आज विकास के मार्ग पर अग्रसर हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हिंदी और संस्कृत सहित अन्य भारतीय भाषाओं में उज्बेकिस्तान के विद्वानों की गहरी रुचि की सराहना की। उन्होंने कहा कि उज्बेक विद्वानों ने न केवल भारतीय भाषाएं सीखी हैं, बल्कि इन्हें अपने विचारों और साहित्य में अभिव्यक्ति भी दी है।

उन्होंने याद दिलाया कि उज्बेकिस्तान की स्वतंत्रता के बाद, भारत इसकी संप्रभुता को स्वीकार करने वाले पहले देशों में से एक था। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों देश 21वीं सदी में विश्वव्यापी मानवीय मूल्यों, शांति, स्थिरता, प्रगति और विकास के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने यह भी कहा कि विद्वानों और छात्रों ने अपने शिक्षण और शोध कार्यों के माध्यम से भारत और उज्बेकिस्तान के ऐतिहासिक संबंधों को और अधिक मजबूत किया है। उन्होंने विद्वानों को जरूरत पड़ने पर भारतीय दूतावास से सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया। बिरला ने उज्बेकिस्तान में हिंदी भाषा सीखने वाले इंडोलॉजिस्ट और छात्रों के साथ बातचीत के दौरान ये टिप्पणियां कीं। बिरला ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि भारत और उज्बेकिस्तान ने राजनीति, व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सुदृढ़ सांस्कृतिक और शैक्षिक संबंध हैं। श्री बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि अनेक भारतविदों को उनकी राजनयिक गतिविधियों के लिए भारत तथा अन्य देशों से सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उज्बेकिस्तान के शिक्षकों द्वारा उज्बेक-हिंदी शब्दकोश भी तैयार किया गया है, जिसका विमोचन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।

### 21वीं सदी को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा भारत

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 21वीं सदी को गढ़ने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि उज्बेकिस्तान जैसे मित्र देशों के साथ सामूहिक विकास और सहयोग की अपार संभावनां हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, भाषा, संस्कृति और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एक साथ जुडते हुए परस्पर समझ को व्यापक रूप से बढ़ाया जाना चाहिए। बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान उज्बेकिस्तान में भारतीय फिल्मों और संगीत की लोकप्रियता पर प्रकाश डाला था और याद दिलाया था कि 2012 में उज्बेक रेडियो ने हिंदी में प्रसारण के 50 वर्ष पूरे हुए थे।


# मध्य प्रदेश में चल रहा गुजरात का ब्लैक लिस्टेड उत्पाद : जीतू पटवारी



■ रीवा में उपचार में कथित लापरवाही पर कांग्रेस ने मध्य प्रदेश सरकार को घेरा

**भोपाल,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के रीवा मेडिकल कॉलेज में प्रसूताओं को कथित तौर पर काली सूची में डाल दी गई कंपनी का इंजेक्शन लगाए जाने और उसके बाद कुछ प्रसूताओं की याद्दाश्त जाने की खबरों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार को निशाने पर ले लिया है। पटवारी ने कहा कि गुजरात का ब्लैक लिस्टेड उत्पाद मध्य प्रदेश में चल रहा है। हर जगह 'गुजरात मॉडल' ही संकट का कारण बन रहा है। मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी का यह कैसा बीमार स्वास्थ्य तंत्र है, जो लोगों को और बीमार कर रहा है। वहीं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कुछ दिनों पहले ही फर्जी डॉक्टर का एक मामला सामने आया था जिसमें एक अस्पताल में डॉक्टर ने 7 लोगों के दिल का इलाज करने के नाम पर उन्हें मौत के घाट उतार दिया।

### स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के नाम पर हो रहा खिलवाड़ : उमंग सिंघार



मध्य प्रदेश विधानसभा नेता सिंघार ने अपने बयान में कहा कि उप-मुख्यमंत्री के क्षेत्र में ही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के नाम पर खिलवाड़ हो रहा है। रीवा के संजय गांधी मेडिकल कॉलेज में 5 प्रसूताओं को ऐसा एनेस्थीसिया इंजेक्शन लगा दिया गया, जिस पर दो महीने पहले ही रोक लग चुकी थी। इंजेक्शन गुजरात की कंपनी रेडिएंट पैरेंटेरल्स लिमिटेड ने सप्लाई किया था, ब्लैकलिस्ट होने के बावजूद भी 26 फरवरी को पांच डिलीवरी में यही इंजेक्शन लगा दिया गया। इसके बाद पांच महिलाओं की याददाश्त चली गई और एक की हालत गंभीर है।

## झारखंड के मरकच्चों में स्कूल पर वज्रपात से नौ छात्राएं बेहोश

**रांची,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड में कोडरमा जिले के एक स्कूल पर वज्रपात होने से नौ बच्चियां बेहोश हो गईं। हालांकि सभी बच्चियां खतरे से बाहर हैं। यह हादसा कोडरमा जिले के मरकच्चो स्थित संत मौरियो स्कूल में हुआ।स्कूल में पढ़ाई के दौरान आज अचानक तेज आवाज के साथ आसमानी बिजली गिरने से नौ छात्राएं बेहोश हो गईं। घटना के बाद स्कूल के शिक्षकों ने सभी छात्राओं को स्कूल की वैन से मरकच्चो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। जिला प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं और स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने का आश्वासन दिया है। इस घटना के बाद स्कूल को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है और छात्राओं के परिवारों को सूचित कर दिया गया है।

## सर्वोच्च न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य : रामनरेश पाण्डेय



■ तमिलनाडु के दस बिल रोकने के मामले में की टिप्पणी

**पटना,** 9 अप्रैल (एजेसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा)के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अदालत का फैसला ऐतिहासिक और केंद्र की मोदी सरकार के मुंह पर तमाचा है। पाण्डेय ने बुधवार को कहा कि तमिलनाडु के राज्यपाल ने विधानसभा से पारित दस विधेयकों को राष्ट्रपति की सहमति लेने के नाम पर रोक लगा दी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल के कृत्य को अवैध और मनमाना करार दिया है। केरल और अन्य गैर भाजपा शासित राज्यों को राज्यपालों द्वारा केंद्र सरकार के इशारे पर किए गए इसी तरह के अवैध कृत्यों का सामना करना पड़ा है। यह फैसला लोकतंत्र और संघवाद को कायम रखता है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद राजभवन भाजपा कार्यालय के रूप में कार्य कर रहा है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है उन राज्यों की सरकार को केंद्र सरकार राज्यपाल के माध्यम से तबाह कर रही है। खासकर केरल, तमिलनाडु, पंजाब आदि राज्यों के राज्यपाल बार बार विधेयक को रोक रहे हैं। जिससे राजनीतिक टकराव बढ़ रहा है और राज्य में विकास का कार्य भी बाधित होता है। तमिलनाडु के मामले में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने माना कि राज्यपाल ने सद्भावनापूर्वक कार्य नहीं किया, क्योंकि विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजा गया, जबकि राज्यपाल ने स्वयं उन पर लंबे समय तक विचार किया था, तथा पंजाब राज्यपाल के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के तुरंत बाद उन्हें राष्ट्रपति के लिए आरक्षित कर दिया गया था, जिसमें कहा गया था कि राज्यपाल उन विधेयकों पर विचार करके वीटो नहीं लगा सकते।

चिंता | *जम्मू-कश्मीर को खोखला कर रहा नशा*

# तीन साल में 26 हजार से अधिक नशा करने वाले हुए पंजीकृत

**जम्मू,** 9 अप्रैल जम्मू-कश्मीर अब नशे में उड़ रहा है। इसे सरकारी तौर पर मान लिया गया है। सरकारी आंकड़े कहते हैं कि वर्ष 2022 से जम्मू-कश्मीर में ओपीडी में कम से कम 25,400 और आईपीडी में 1,595 नशा करने वालों को पंजीकृत किया गया है।

यह जानकारी खुद प्रदेश सरकार ने विधानसभा में उस समय दी जब तनवीर सादिक, बशीर अहमद वीरी, नरिंदर सिंह, शब्बीर अहमद कुल्ले और जाविद अहमद मिरचल सहित कई विधायकों द्वारा उठाए गए एक सवाल का जवाब दिया गया। स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा (एच एंड एमई) विभाग के मंत्री कहते थे कि वर्ष 2022 में ओपीडी में 9,775 नशा करने वालों को पंजीकृत किया गया था, इसके बाद 2023 में 8,700 और 2024 में 6,925 लोग पंजीकृत हुए। इसी तरह, 2022 में आईपीडी में 306, 2023 में 586 और 2024 में 703 नशा करने वालों को पंजीकृत किया गया। मंत्री सकीना इटू ने कहा कि स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग नशीली दवाओं के खतरे की गंभीरता से अवगत है और इसे एक अत्यधिक संवेदनशील मुद्दा मानता है जिसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस खतरे को रोकने के लिए कड़े कानूनों को लागू करना पुलिस और सीआईडी संगठन जैसी कानून प्रवर्तन एजेंसियों का विशेषाधिकार है, जो गृह विभाग के विशेष नियंत्रण में आते हैं। मंत्री ने स्वास्थ्य और चिकित्सा विभाग द्वारा उठाए गए कदमों पर भी प्रकाश डाला, जिसमें 11.01.2019 के सरकारी आदेश संख्या 41-एचएमई 2019 के माध्यम से जारी व्यापक नशा मुक्ति नीति (2019) का कार्यान्वयन शामिल है। नीति में समस्या के समाधान के लिए विस्तृत उपायों की रूपरेखा दी गई है और सभी हितधारकों और सरकारी विभागों की भूमिकाओं को परिभाषित किया गया है। वर्तमान में, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के सभी जिलों में 20 नशा मुक्ति केंद्र हैं। कश्मीर संभाग में 11 और जम्मू संभाग में 9। जो व्यापक कवरेज और उपचार तक आसान पहुंच प्रदान करते हैं।

इन सभी केंद्रों में ओपीडी सेवाएं उपलब्ध हैं, और केंद्र शासित प्रदेश के सभी नौ सरकारी मेडिकल कॉलेजों (जीएमसी) में आईपीडी सुविधाएं स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीडीडीआर 2018-23) के सभी पहलुओं को लागू किया जा रहा है। इटू ने कहा कि समाज कल्याण विभाग ने नशीली दवाओं के खतरे को खत्म करने और पीड़ितों के पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए एक आक्रामक दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तीन नशा मुक्ति केंद्र वर्तमान में राजौरी, कुलगाम और बांदीपोरा जिलों में काम कर रहे हैं और सरकारी संस्थानों/भवनों में गैर सरकारी संगठनों द्वारा चलाए जा रहे हैं। वे कहती थीं कि तीन ओडीआईसी काम कर रहे हैं।



■ खतरे को रोकने के लिए कड़े कानूनों की जरूरत

## संक्षिप्त समाचार

सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा पहुंची उदयपुर

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुआ स्वागत, विद्यार्थी जांचेंगे सड़कों की गुणवत्ता



**उदयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं निदेषालय तकनीकी षिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 30 मार्च को श्रीगंगानगर से प्रारंभ हुई सड़क गुणवत्ता निरीक्षण (सगुनि) यात्रा बुधवार को उदयपुर पहुंची।

यात्रा के जोगी तालाब स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया गया। कार्यर्₹ म के मुख्य अतिथि सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (गुण नियंत्रण) श्री जसवंत लाल खत्री रहे। प्रधानाचार्य सी.एस. टाक ने श्री खत्री का पौधा भेंट कर स्वागत किया। अतिरिक्त मुख्य अभियंता अषोक कुमार शर्मा, अधीक्षण अभियंता मुनीमचंद मीणा, राजीव अग्रवाल, सगुनि यात्रा संयोजक रविकांत भी बतौर अतिथि मौजूद रहे। यात्रा का मुख्य उद्देष्य सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों के दोष निवारण अवधि में संवेदकों द्वारा किए जाने वाले रख-रखाव का मूल्यांकन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा किया जाना है।

यात्रा के दौरान राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जोगी तालाब, उदयपुर के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा विषय पर प्रेजेन्टेषन दिया गया व यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को दोष निवारण अवधि की सड़कों के निरीक्षण व मूल्यांकन संबंधी प्रषिक्षण दिया गया। प्रधानाचार्य टांक ने बताया कि यात्रा के दौरान उदयपुर जिले की दोष निवारण अवधि की सड़कों का मूल्यांकन निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। कार्यर्₹ म में महाविद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

## श्रम विभाग ने लक्ष्य के मुकाबले 98.57 प्रतिशत वसूला उपकर

**उदयपुर।** श्रम विभाग ने उदयपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के मुकाबले 98.57 प्रतिशत उपकर राशि वसूल की। संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त श्री महेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 35.00 करोड रूप्ए के लक्ष्य के विरूद्ध 34.50 करोड रूपये की वसूली की जा चुकी है। श्रम विभाग ने ज्यादा से ज्यादा निर्माण स्थलों के मालिकों को नोटिस जारी किए है। उन्हें दस्तावेज और उपकर राषि जमा कराने हेतु सूचित किया गया है। यदि किसी ने यूडीए या नगर निगम मे नक्षा पास कराते समय अनुमानित उपकर राषि जमा करवाई है तो शेष राषि श्रम विभाग, उदयपुर में जमा कराई जा सकती है। षहरवासियों को इस नियम के प्रति जागरूक करने के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है।

**उपकर भुगतान में देरी से बढता है ब्याजः** संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त ने बताया कि जनसामान्य में भवन एवं अन्य संनिर्माण मंडल उपकर को लेकर जागरूकता की कमी के कारण कई निर्माणकर्ता समय पर उपकर राषि का भुगतान नहीं कर पाते हैं।

इसके परिणामस्वरूप निर्माणकर्ताओं को 2 प्रतिषत मासिक ब्याज का अतिरिक्त भार उठाना पडता है जिससे उपकर वसूली में कठिनाई आती है। जिला अधिकारी ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए श्रम निरीक्षकों को निर्देष दिए हैं कि भवन एवं अन्य संनिर्माण उपकर के सम्बन्ध में नियमित प्रचार-प्रसार सुनिष्चित किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग समय पर उपकर जमा करा सकें और अनावष्यक ब्याज से बच सकें। जिला अधिकारी ने श्रम विभाग की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की और जिले में भ्रमण कर विभिन्न नवनिर्मित एवं निर्माणाधीन इकाईयों को चिन्हित किया। इसके बाद उन्होंने शाखा प्रभारी को यथाषीघ्र नोटिस/स्मरण नोटिस जारी करने के निर्देष दिए।

### यह है भवन एवं अन्य संनिर्माण मंडल उपकर

भवन एवं अन्य संनिर्माण मंडल उपकर को आम भाषा में लेबर सेस भी कहा जाता है। यह उपकर निर्माण कार्यो से जुडे श्रमिकों के कल्याण के लिए वसूला जाता है इसे भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम, 1996 के तहत लागू किया गया था। यह उन सभी निर्माण परियोजनाओं पर लागू होता है, जिनकी लागत 10 लाख रुपए या उससे अधिक हो। उपकर की दर निर्माण लागत की 1 फीसदी निर्धारित की गई है। इस उपकर से प्राप्त राशि को राज्य सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के कल्याणकारी कार्यो में उपयोग किया जाता है।

## आर एस एम एम पेंशनर्स वेलफेयर सोसाइटी का होली स्नेह मिलन समारोह

**उदयपुर।** आर एस एम एम वेलफेयर सोसाइटी ने सपरिवार होली स्नेह मिलन कार्यर्₹ म श्री कृष्ण वाटिका में मनाया ।जिसमें डेढ़ सौ परिवार ने भाग लिया । महामंत्री हेमंत त्रिवेदी ने बताया कि पूर्व समूह महाप्रबंधक सर्वश्री गोपाल गांधी, मुकेश चतुर्वेदी, महाप्रबंधक ललित प्रकाश खमेसरा, ए एस चुंडावत, वरिष्ठ सदस्य बसंतीलाल श्रीमाली ने इष्ट देव झामेश्वर महादेव की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यर्₹ म का आगाज किया। तत्पश्चात सदस्यों द्वारा सामूहिक गरबा नृत्य , मधुर गीत, शायरी ,भजन व चुटकुले सुनाएं । वरिष्ठ सदस्यों ने अपने-अपने समय की खट्टी मीठी यादें सुनाते हुए खूब तालियां बटोरी। महामंत्री हेमंत त्रिवेदी ने समिति द्वारा किए गए कार्यकलापों के बारे में सदस्यों को विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस सोसाइटी से राजस्थान के सदस्यों के परिवार जुड़े हुए हैं। जिनकी पेंशन व आरजीएचएस संबंधित हर समस्या के समाधान हेतु यह सोसायटी हर समय प्रयासरत रहती है ।उपाध्यक्ष के सी शर्मा ने समारोह में उपस्थित सदस्यों को कंपनी में लागु गई ईपीएस 95 एवं ओपीएस के संबंध में व्यक्तिगत जानकारी देकर उनकी जिज्ञासा पर प्रकाश डाला । अध्यक्ष एल एस जोशी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि आपकी यही लगन इस समिति को जीवित रखे हुए हैं । कार्यर्₹ म का संचालन आर सी कुमावत ने किया । केसी शर्मा और हेमंत त्रिवेदी को आर एस एम एम मे योजना लागू करवा कर पेंशन चालू करवाने के लिए उपरणा ओढ़ाकर व पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया । देवनारायण धाभाई, सी एल पूर्बिया, ओंकार लाल शर्मा, एम एस राठौड़, पुष्कर माली व हिम्मत सिंह जैन ने कार्यर्₹ म की व्यवस्था सम्भाली ।

विद्या निकेतन स्कूल ग्राउंड में हजारों की संख्या में मौजूद जन मैदिनी ने एक स्वर में गाया नवकार महामंत्र

# विश्व नवकार महामंत्र दिवसः जैन समाज के सामूहिक नवकार महामंत्र के जाप से गूंजा उदयपुर





### जीतो द्वारा आयोजित नवकार महामंत्र जाप में उमड़े शहरवासी, छोटा पड़ा विद्या निकेतन का ग्राउंड

**उदयपुर।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की ओर से 9 अप्रैल को संपूर्ण विश्व में 100 से अधिक देशों और 6 हजार से अधिक स्थानों पर नवकार महामंत्र का जाप एक नियत समय पर प्रातः 8.01 बजे से 9.36 बजे तक हुआ। जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई गणमान्य लोग इस आयोजन में शामिल हुए।

उदयपुर जीतो चेप्टर अध्यक्ष यशवंत आंचलिया ने बताया कि उदयपुर में विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर दिव्य नवकार महामंत्र जाप बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति में हिरण मगरी सेक्टर 4 स्थित विद्या निकेतन स्कूल ग्राउंड पर आयोजित हुआ जिसमें जैन समाज के साथ सर्व धर्म के समाजजन भी हजारों की संख्या में सहभागी बने । जैन समाज के अलावा भी सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विज्ञान भवन में नवकार महामंत्र दिवस कार्यर्₹ म में शामिल हुए। पीएम मोदी ने अन्य लोगों के साथ नवकार महामंत्र दिवस कार्यर्₹ म में नवकार महामंत्र का जाप किया। इसके बाद उन्होंने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र का ये दर्शन विकसित भारत के विजन से जुड़ता है। मैंने लाल किले से कहा है- विकसित भारत यानी विकास भी, विरासत भी। एक ऐसा भारत जो रुकेगा नहीं, ऐसा भारत जो थमेगा नहीं। जो ऊंचाई छुएगा, लेकिन अपनी जड़ों से नहीं कटेगा। इससे पहले पीएम मोदी ने कहा, मैं नवकार महामंत्र की इस आध्यात्मिक शक्ति को अब भी अपने भीतर अनुभव कर रहा हूं। कुछ वर्ष पूर्व मैं बेंगलुरु में ऐसे ही एक सामुहिक मंत्रोच्चार का साक्षी बना था, आज वही अनुभूति हुई और उतनी ही गहराई में हुई। इस मंत्र का प्रत्येक पद ही नहीं, बल्कि प्रत्येक अक्षर अपने आप में मंत्र प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, नवकार महामंत्र सिर्फ मंत्र नहीं है। ये हमारी आस्था का केंद्र है। हमारे जीवन का मूल स्वर... और इसका महत्व सिर्फ आध्यात्मिक नहीं है।

मुख्य सचिव अभिषेक संचेती ने बताया कि यह आयोजन ऐतिहासिक रहा और उन्होंने सबका आभार जताया। एक साथ सब ने सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का जाप किया। मंच से महिलाओं पुरुषों ने जाप कराया और पांडाल से सब साथ के साथ नवकार जाप करते गए। इस आयोजन में दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाप में शामिल होने का कार्यर्₹ म भी दिखाया गया। मोदी का संबोधन सभी ने सुना। विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर दिव्य नवकार महामंत्र जाप बड़ी संख्या में शहरवासी यहां सपरिवार पहुंचे और नवकार महामंत्र जाप में शामिल हुए। नवकार महामंत्र के जाप से माहौल भक्तिमय हो गया। नवकारसी के लाभार्थी अनिल, योगेश मेहता थे एवं विशेष सहयोगी ओम प्रकाश चपलोत का मेवाड़ी पगड़ी उपरणा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, विधायक ताराचंद जैन, फूलसिंह मीणा, जिला कलेक्टर नमित मेहता, यूडीए कमिश्नर राहुल जैन, देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त जतिन गांधी, पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्र आंचलिया, पूर्व मेयर रजनी डांगी, पूर्व डिप्टी मेयर पारस सिंघवी, कुलदीप नाहर, सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, भाजपा शहर अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, भाजपा नेता प्रमोद सामर, गजेन्द्र भंसाली मौजूद रहे। कार्यर्₹ म का शुभारंभ शाश्वत बालिका आकांक्षा जैन की नवकार प्रस्तुति से हुआ। शब्दों द्वारा स्वागत जीतो उदयपुर अध्यक्ष यशवंत आंचलिया ने किया। कार्यर्₹ म का संचालन स्वाति जैन ने किया।

### नवकारसी व्यवस्था में लिया विभिन्न संगठनों ने भाग

लेडिज विंग अध्यक्षा अंजली सुराणा ने बताया कि नवकार महामंत्र जाप कार्यर्₹ म में नवकारसी व्यवस्था में जैन समाज के विभिन्न महिला व पुरुष संगठनों ने अपनी जिम्मेदारी संभाली जिसमें जैन सोशल ग्रुप, नवकार बहू मण्डल सेक्टर 4, सुविधि महिला मंडल सेक्टर 4, पुष्प बहु मण्डल सेक्टर 3, जेएसजी संगिनी मेवाड़, उदयपुर जैन लेडिज विंग, ओसवाल महिला मंच, ओसवाल महिला प्रकोष्ठ, समता महिला समिति उदयपुर, तेरापंथ महिला मण्डल उदयपुर, जैन सोशल ग्रुप विजय संगिनी, ओसवाल बहु प्रकोष्ठ, ब्राह्मी महिला मंडल फतहपुरा वहीं पुरूष संगठनों में महावीर युवा मंच सेक्टर 5, श्री हु सा स्था जैन श्रावक संस्थान, उदयपुर, जेएसजी उमंग एलीट, जैन सोशल ग्रुप कुटुंब, साधुमार्गी जैन संघ उदयपुर, समता ग्रुप उदयपुर, श्री महावीर मित्र मण्डल सेक्टर 3, बड़ी सादड़ी जैन मित्र मण्डल उदयपुर, जैन सोशल ग्रुप संस्कार, ओसवाल श्रेष्ठी जन प्रकोष्ठ, ओसवाल युवक परिषद व जैन युवा मित्र संस्थान उदयपुर आदि संगठनों की भागीदारी रही।

### इन विद्यालय के बच्चों ने लिया हिस्सा

युथ विंग अध्यक्ष दिव्यद दोशी ने बताया कि आयोजन में दिल्ली पब्लिक स्कूल, रसिकलाल माणिकलाल धारीवाल स्कूल, बड़ाला कॉमर्स क्लासेज, तुलसी निकेतन, विद्या निकेतन, स्कॉलर एरिना स्कूल, जीकेएस एकेडमी, महावीर विद्या मंदिर, सेंट्रल एकेडमी सेक्टर 5 व एमटी लिटरा विद्यालय के बच्चों ने हिस्सा लिया।

इस अवर पर जीतो एडवाईजर राजकुमार फत्तावत, नरेन्द्र सिंघवी, राजकुमार सुराणा, शांतिलाल मेहता, एपेक्स सचिव महावीर चपलोत, अध्यक्ष यशवंत आंचलिया, उपाध्यक्ष श्याम नागोरी, नितुल चण्डलिया, कमल नाहटा, सचिव सुधीर चित्तौड़ा, अरूण माण्डोत, भूपेन्द्र चोरडिया, कार्यकारणी सदस्य अनिल नाहर, आलोक पगारिया, अनिल हाथी, गुणवंत वागरेचा, दिनेश सिंघवी, राजेश खमेसरा, मनीष कटारिया, तुषार मेहता, योगेश पिच्छोलिया, धर्मेश नवलखा, यशवंत कोठारी, लेडिज विंग अध्यक्षा अंजली सुराणा, सचिव ऋतु मारू, यूथ विंग अध्यक्ष दिव्यद दोषी, सचिव विनय कोठारी, अतुल चण्डालिया, महेन्द्र तलेसरा, प्रकाश कोठारी, रमेश खोखावत, अजीत छाजेड़, पीयूष कोठारी, हेमंत ओस्तवाल, विमल जैन, शरद जैन, मुकेश जैन, दीपक हरकावत, रैनप्रकाश जैन, कपिल इन्टोदिया आदि मौजूद रहे।

संभाग के टॉप 50 करदाताओं का प्रशिक्षण

## करदाताओं को बताई आईटीएमएस की विशेषताएं



**उदयपुर।** राज्य सरकार के नवाचार आईटीएमएस (ई-टेक्स ऑफिसर मॉड्यूल) के तहत कर भवन सभागार में उदयपुर संभाग के टॉप 50 करदाताओं का विषेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें सभी संयुक्त आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त एवं राज्य कर अधिकारी उपस्थित हुए।

उपायुक्त अनुज भटनागर एवं सहायक आयुक्त मोहित मुन्दड़ा ने आईटीएमएस का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि आईटीएमएसएक उन्नत, एआई आधारित स्व-मूल्यांकन टैक्स प्लटफॉर्म है जिसे राजस्थान के वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा विकसित किया गया है। यह एप्लिकेशन कर अनुपालन की जटिलताओं को सरल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है और करदाताओं को उनके जीएसटी दायित्वों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने के लिए जानकारी प्रदान करता है।

उन्होंने बताया कि यह एक केंद्रीकृत पोर्टल हैं, जहाँ करदाता अपने सभी रिटर्न फाइलिंग, दस्तावेज़, नोटिस और आदेश देख सकते हैं - जिससे टैक्स प्रबंधन सरल और व्यवस्थित हो जाता है। यह प्लेटफॉर्म दायर किए गए रिटर्न में विसंगतियों या त्रुटियों का स्वतः पता लगाता है और उपयोगकर्ताओं को सूचित करता है ताकि वे समय पर सुधार कर सकें। सभी आधिकारिक संचार जैसे डिमांड नोटिस और असेसमेंट आदेशों का रीयल-टाइम ट्रैकिंग सुनिश्चित करता है। इसके अलावा ब्यौरेवार टैक्स विवरण- जिसमें ब्याज, दंड और प्रोत्साहन शामिल हैं- करदाता को यह समझने में मदद करते हैं कि उनका टैक्स दायित्व कैसे तय हुआ। उन्होंने अवगत कराया कि एक एआई-सक्षम चौटबोट जो करदाता के प्रश्नों का रीयल-टाइम में उत्तर देता है और प्लेटफॉर्म के माध्यम से मार्गदर्शन करता है। इस पोर्टल के माध्यम से करदाता अपने सुझाव या शिकायतें सीधे कर अधिकारियों को भेज सकते हैं, जिससे समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।

## गिग वर्कर्स के ई-श्रम पंजीयन के लिए विशेष अभियान प्रारंभ, 17 अप्रेल तक चलेगी मुहिम

**उदयपुर।** केन्द्र सरकार ने बजट 2025-26 में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ गिग श्रमिकों को देने की घोषणा की है। इसके बाद उदयपुर जिले में जिला कलक्टर के निर्देषन में गिग वर्कर्स के ई-श्रम पंजीयन के लिए विषेष अभियान प्रारंभ किया गया है।

संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त महेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि अभियान में अमेजन, फ्लीपकार्ट, स्वीगी, जोमेटो, ई-कोम, जेप्टो, डेल्हीवेरी, मीषो एक्सप्रेस वे सहित अन्य प्लेटफार्म पर काम करने वाले गिग वर्कर्स को जोडा जाएगा। इनके कार्यस्थलों पर ही केंप लगाकर ई-श्रम कार्ड बनाए जाएंगे। सभी कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर ही सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अपना पंजीयन करवा सकते हैं। इसके लिए अनिवार्य दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा बैंक खाता साथ में होना आवष्यक है। राठौड़ ने बताया कि यह योजना सरकार की ओर से चयनित अन्य योजनाओं का लाभ देने के लिए है। इसमें किसी भी अन्य लाभ में कटौती नहीं की जाएगी। संयुक्त श्रम आयुक्त ने बताया कि 9 अप्रेल को शहर के विभिन्न स्थलों पर केम्प का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 65 गिग वर्कर्स के ई-श्रम पंजीयन किए गए। आगामी दिनों में भी विभिन्न स्थलों पर गिग वर्करों के पंजीयन किए जाएंगे। साथ ही गिग श्रमिक अपने स्वयं के स्तर पर भी ई-श्रम पोर्टल अथवा ई-मित्र/सी.एस.सी. पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

जिला कलक्टर ने ली ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक

# 'जीवन से बढ़ कर कुछ नहीं, लू-तापाघात के बचाव के करें बेहतर प्रबंध'

### अस्पतालों में बिजली-पानी और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश



**उदयपुर।** जिला कलक्टर नमित मेहता ने कहा कि जीवन से बढ़कर कुछ नहीं है। प्रदेष में गर्मी के तेवर तीखे हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने लू-तापाघात से बचाव के लिए हर संभव बेहतर प्रबंधन के निर्देष दिए हैं। अधिकारी यह सुनिष्चित करें कि उनके क्षेत्र में हीट वेव से न केवल मनुष्य अपितु पशु-पक्षी भी प्रभावित न हों। इसके लिए सभी जरूरी व्यवस्था तत्काल प्रभाव से सुनिष्चित की जाएं। हीट वेव प्रबंधन में किसी भी प्रकार की कौताही बर्दाष्त नहीं की जाएगी।

जिला कलक्टर मेहता बुधवार को डीओआईटी सभागार में हीट वेव प्रबंधन को लेकर जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हीट वेव को लेकर राज्य सरकार की ओर से जारी एसओपी पर चर्चा करते हुए पीएचईडी, चिकित्सा, षिक्षा, पशुपालन, पंचायतीराज व नगरीय निकाय विभागों के अधिकारियों से बिन्दुवार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय के साथ कार्य करते हुए सुनिष्चित करें कि जिले में हीटवेव के चलते किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हो। वीसी में एडीएम प्रषासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, सीईओ जिला परिषद रिया डाबी, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाष, सीएमएचओ डॉ अषोक आदित्य, पीएचईडी एसई ललित नागौरी, एमबी अस्पताल के अधीक्षक डॉ आरएल सुमन सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

### यह दिए निर्देश

- शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर आमजन के लिए छाया, पेयजल की व्यवस्था की जाए। साथ ही पशु-पक्षियों के लिए भी दाने-पानी की व्यवस्था रखें।
- निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिष्चित की जाए
- निर्धारित अंतराल में पेयजल आपूर्ति हो
- पेयजल की दृष्टि से संवेदनषील चिन्हित गांवों की स्थिति पर नजर रखते हुए टैंकरों से जलापूर्ति प्रारंभ की जाए
- नरेगा कार्यस्थलों पर छाया-पानी और जरूरी दवाईयों की व्यवस्था रहे
- चिकित्सा संस्थानों में राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक कर जरूरी संसाधनों की व्यवस्था सुनिष्चित की जाए
- अस्पतालों में पेयजल, बिजली आपूर्ति, पंखें-कूलर की उपलब्धता, जरूरी दवाओं की उपलब्धता, डेडिकेटेड वार्ड आदि सुनिष्चित किया जाए
- उपखण्ड अधिकारी अपने क्षेत्र की गौषालाओं व नंदी शालाओं का अवलोकन कर हीट वेव से बचाव की व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवष्यकतानुसार प्रबंध कराएं
- निजी व राजकीय विद्यालयों में हवा-पानी व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जाए।
- भीषण गर्मी के दौर में बच्चों की आउटडोर गतिविधियां नहीं की जाएं
- बच्चों सहित आमजन को हीटवेव के लक्षण और बचाव के संबंध में जागरूक किया जाए

उदयपुर। हीट वेव प्रबंधन को लेकर वीसी के माध्यम से बैठक लेते जिला कलक्टर नमित मेहता।

# PIMS HOSPITAL UMARDA पिम्स हॉस्पिटल उमरड़ा, उदयपुर

## सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल

## आधुनिक सर्जरी, अनुभवी टीम, बेहतर स्वास्थ्य की ओर पहला कदम

जब बात हो स्वास्थ्य की, तो समझौता नहीं किया जा सकता। पिम्स अस्पताल में आधुनिक सर्जरी की सुविधाएँ, अनुभवी डॉक्टर्स की देखरेख में बेहतर देखभाल मिलती है।



### ऑर्थोपेडिक विभाग



डॉ. बी.एल. कुमार | डॉ. एल. एन. मीणा | डॉ. अंकित चौहान | डॉ. पवन कुमार | डॉ. एस.एन. भरत

**उपलब्ध सुविधाएँ**

- **जॉइंट प्रत्यारोपण सर्जरी** कुल्हे, घुटनों एवं कंधे के जोड़ (THR, TKR, RSA) RGHS के अंतर्गत निशुल्क जांच
- **दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी** घुटने एवं कंधे के लिगामेंट घुटने के गद्दी की सर्जरी
- विकृत हड्डी के तिरछेपन को सही करने की सर्जरी
- हड्डी की लंबाई बढ़ाने की सर्जरी BY ILIZAROV तकनीक
- हड्डी के सभी प्रकार के संक्रमण को सही करने की सर्जरी
- रीढ़ की हड्डी के सभी प्रकार के फ्रैक्चर की सर्जरी, डिस्क की सर्जरी
- बच्चों के जन्मजात बीमारी की सर्जरी



### सर्जरी विभाग



डॉ. प्रेम प्रकाश शर्मा (जनरल सर्जन) | डॉ. सरिता कांत (जनरल सर्जन) | डॉ. के.एम. गणेश बाबू (जनरल सर्जन)

**उपलब्ध सुविधाएँ**

- लेजर द्वारा पाइल्स, फिशर, फिस्टुला व पाइलोनाइडल (PILONIDAL) साइनस का ऑपरेशन
- आमाशय व अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- सभी तरह के जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन
- लैप्रोस्कोपिक सर्जरी द्वारा अपेंडिक्स, पित्त की थैली की पथरी, हर्निया, स्प्लीन (तिल्ली), आंतों की रुकावट व गाँठ, यकृत की गाँठ (फोड़ा) आदि का ऑपरेशन
- थाइरॉइड व ब्रेस्ट की बीमारियों का ऑपरेशन



**पिम्स हॉस्पिटल, उमरड़ा, उदयपुर में दिनांक 07 अप्रैल 2025 से 15 अप्रैल 2025 तक किसी भी मरीज के भर्ती होने पर सभी प्रकार के इलाज, जाँचें, ऑपरेशन, दवाइयां इत्यादि सभी निःशुल्क किया जायेगा।**

### सुपरस्पेशियलिटी सुविधाएँ

- कार्डियक केयर सेन्टर
- न्यूरो सर्जरी
- नेफ्रोलोजी
- कैंसर सर्जरी
- यूरोलॉजी
- न्यूरोलॉजी
- प्लास्टिक एवं बर्न सर्जरी
- जनरल एवं लेप्रोस्कॉपि सर्जरी
- गेस्ट्रोएंटरोलॉजी

### जनरल स्पेशियलिटी सुविधाएं

- जनरल मेडिसिन
- प्रसूति एवं स्त्री रोग
- मनोरोग चिकित्सा
- टी.बी., चेस्ट एवं श्वास रोग
- नाक, कान, गला
- बाल चिकित्सा
- नेत्र रोग
- दंत चिकित्सा
- पेन मैनेजमेन्ट क्लिनिक
- जनरल एवं लेप्रोस्कॉपि सर्जरी
- हड्डी एवं जोड़ रोग
- त्वचा एवं चर्म रोग

**सरकारी योजनाओं में निःशुल्क इलाज सभी इंश्योरेंस एवं टीपीए कैशलैस इलाज के लिए अधिकृत हॉस्पिटल।**

PIMS HOSPITAL UMARDA **पिम्स हॉस्पिटल**
उमरड़ा रेलवे स्टेशन रोड़, उदयपुर (राज.) 313001
0294-3510000
web : www.pacificmedicalsciences.ac.in | email : info@pacificmedicalsciences.ac.in / pimsudaipur


स्वत्वाधिकार प्रकाशक, संपादक संजय कुमार चौबीसा द्वारा 20ए न्यू विद्यानगर हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर 313002 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक विजय अरोड़ा द्वारा मैसर्स न्यूट्रेक ऑफसेट एवं प्रिंटर्स 13, भोपा मगरी, हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर से मुद्रित। फोन : 9024464356 Mail- Palpalrajasthan8@gmail.com

# पल पल राजस्थान

हर पल की खबर

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 2 | RAJHIN/2021/81855 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर


facebook

https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/

YouTube

https://www.youtube.com/channel/UC7p9DxdST-1wvxPMtFiPOQNw

Instagram

instagram.com/pal-palrajasthannews

Gmail

palpalrajasthan8@gmail.com

**Whatsaap No.**

9024464356, 9001259073, 96729 79379